गोपनीय

संख्या– 2027 / 24–1–2015–1573 / 2015

प्रेषक,

संजय अग्रवाल,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0,
शक्ति भवन, लखनऊ।

1656
04–9–15

ऊर्जा अनुभाग–1

लखनऊः दिनांक 04 सितम्बर, 2015

विषयः– जवाहरपुर 2X660 मेगावाट तापीय परियोजना की स्थापना के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट के अनुसार अनुमानित परियोजना लागत के एवं खुली निविदा द्वारा एक सिंगल ई0पी0सी0 के रूप मे कार्यदायी संस्था के चयन के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्याः–1958 / मु0अभि0 / पीपीएमएम / उनिलि / जवाहरपुर, दिनांक 29.05.2015 का संदर्भ ग्रहण करें।

2– इस सम्बंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जवाहरपुर 2X660 मेगावाट तापीय परियोजना की स्थापना के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट के अनुसार अनुमानित परियोजना लागत के एवं खुली निविदा द्वारा एक सिंगल ई0पी0सी0 के रूप मे कार्यदायी संस्था के चयन के सम्बंध में सम्यक विचारोपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिया गया हैः–

i) जवाहरपुर 2X660 मेगावाट तापीय परियोजना सार्वजनिक क्षेत्र में उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 के अधीन स्पेशल परपज वेहिकल जवाहरपुर विद्युत उत्पादन निगम लि0 के अन्तर्गत लगाया जाना।

ii) उपसमिति, इनर्जी टास्क फोर्स की संस्तुति के क्रम में जवाहरपुर 2X660 मेगावाट तापीय परियोजना की संशोधित अनुमानित लागत रू0 8078.56 करोड़ का अनुमोदन प्रदान किया, जिसका 80 प्रतिशत वित्त पोषण वित्तीय संस्थानों से ऋण द्वारा एवं 20 प्रतिशत शासकीय अंशपूंजी से किया जायेगा।

iii) 80 प्रतिशत वित्त पोषण हेतु वित्तीय संस्थानो से ऋण स्वीकृति हेतु शुल्क रहित शासकीय गारण्टी प्रदान किया जाना।

iv) जवाहरपुर 2X660 मेगावाट तापीय परियोजना हेतु भी पनकी 1X660 मेगावाट एवं हरदुआगंज 1X660 मेगावाट की भॉति खुली निविदा द्वारा एक सिंगल ई0पी0सी0 पैकेज के रूप में कार्यदायी संस्था का चयन कर स्थापित किया जाना।

3– कृपया प्रकरण में तदनुसार अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(संजय अग्रवाल)
प्रमुख सचिव।

No. 1452
Dated 04/09/15

Ravi Shanker (Rajeev)
Executive Engineer
Civil Construction Division-I
2x660MW JTPP
Malawan-Etah

Ravi Shanker (Rajeev)
Executive Engineer
Civil Construction Division-I
2x660MW JTPP
Malawan-Etah

04.09.15

04/09/15

D:\sanjay\go 1.doc